

# राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

**बिहार लोक भवन, पटना–800022**

*संख्या–19/2026*

## प्रेस–विज्ञप्ति

## बिहार लोक भवन में गणतंत्र दिवस समारोह से लौटे एन०सी०सी० कैडेट्स के सम्मान में 'ऐट होम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**पटना 03 फरवरी, 2026** :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने एन०सी०सी० कैडेट्स के सम्मान में बिहार लोक भवन के परिसर में आयोजित 'ऐट होम' कार्यक्रम में भाग लिया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एन०सी०सी० कैडेट्स का अनुशासन और उनके त्याग और सेवा की भावना हमारे लिए प्रेरणादायी है। भारत आदिकाल से ज्ञान की संस्कृति के रूप में जाना जाता रहा है। दुनिया में परम सत्य एक है, परन्तु ऐसा माना गया है कि वह अनंत है और उस तक पहुँचने के तरीके भी अनेक हैं, हम चाहे जिस नाम से उसे पुकारें और उसके प्रति श्रद्धा व्यक्त करें।

राज्यपाल ने कहा कि एन०सी०सी० कैडेट्स का अनुशासन देखकर हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत का स्मरण होता है। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में धर्म का अभिप्राय अपने कर्त्तव्यों को पूरा करना है। अनुशासित होकर अपनी इन्द्रियों और अन्य कामनाओं पर नियंत्रण करना सबसे श्रेष्ठ धर्म है और यह हमारे एन०सी०सी० कैडेट्स में दिखाई देता है। हमें अपने इन कैडेट्स पर गर्व है। वे रक्तदान, साक्षरता अभियान, दहेज एवं नशा विरोधी कार्यक्रम, पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, आपदा प्रबंधन, यातायात प्रबंधन और सामुदायिक पुलिसिंग जैसे अनेक क्षेत्रों में योगदान देते हैं।

इस अवसर पर राज्यपाल ने इंटर ग्रुप चैम्पियनशिप ट्रॉफी एवं गवर्नर्स बैनर प्रदान किया। उन्होंने भारत की सैन्य शक्ति के विकास से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये।

इस अवसर पर लेडी गवर्नर श्रीमती रेशमा आरिफ, राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, कला एवं संस्कृति विभाग के सचिव श्री प्रणव कुमार, एन०सी०सी० बिहार एवं झारखंड के ए०डी०जी० मेजर जनरल ए०एस० बजाज, सेना, एन०सी०सी०, राज्य सरकार एवं राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण, एन०सी०सी० कैडेट्स एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

.....................................